# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

## सोमवार, दिनांक 17 मार्च, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

औषधि/उपकरण की खरीदी

1. (*क्र. 1981) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संचालनालय पशु चिकित्सा सेवायें छ.ग. ने वर्ष 2005-06 में औषधि/औजारात क्रय करने हेतु अनुमोदित दर की सूची कब जारी की ? (ख) कंडिका "क" के परिप्रेक्ष्य में कितनी-कितनी राशि की औषधि एवं औजार (उपकरण) क्रय किए गए और किन-किन फर्मों से ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) संचालनालय, पशु चिकित्सा सेवाएं छ.ग. द्वारा वर्ष 2006-07 में औषधि/औजारात क्रय करने हेतु अनुमोदित दरों की सूची जारी करने का विवरण निम्नानुसार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | एलोपैथिक, आयुर्वेदिक औषधि तथा पशु चिकित्सा उपकरण | - | दिनांक 25-10-2005 |
| (ii) | पशुरोग अनुसंधान प्रयोगशाला एवं डेयरी प्रयोगशाला उपकरण | - | दिनांक 14-12-2005 |
| (iii) | फार्माकोपियल औषधि | - | दिनांक 20-03-2006 |

(ख) राशि रु. 2,99,04,669-00 (अक्षरी राशि रु. दो करोड़, निन्यानबे लाख, चार हजार छः सौ उनहत्तर मात्र) की औषधि एवं राशि रु. 65,03,091-00 (अक्षरी राशि रु. पैंसठ लाख, तीन हजार इक्यानबे मात्र) के औजार (उपकरण) क्रय किए गए, फर्मवार जानकारी क्रमशः † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है.

ए.एस.सी.ए.डी. (एस्काड) योजना अन्तर्गत क्रय वैक्सीन

2. (*क्र. 1989) **श्री भूपेश बघेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) ए.एस.सी.ए.डी. (एस्काड) योजना के अंतर्गत वर्ष 2007-08 में वैक्सीन खरीदने हेतु कितनी बजट राशि का प्रावधान था ? कितनी राशि का वैक्सीन क्रय किया गया. (ख) क्या ए.एस.सी.ए.डी. (एस्काड) योजना के अंतर्गत प्राप्त बजट राशि में से बिना वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के अन्य मद में खर्च कर दी गई. यदि हां, तो क्या कारण है.

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) ए.एस.सी.ए.डी. (एस्काड) योजना के अंतर्गत वर्ष 2007-08 में सामग्री क्रय मद में राशि रु. 755.50 लाख का बजट प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत राशि 461.40 लाख की वैक्सीन क्रय की गई. (ख) जी नहीं. अन्य मद में व्यय नहीं की गई.

मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य

3. (*क्र. 698) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में मछलीपालन विभाग के कितने मत्स्यबीज उत्पादन केन्द्र हैं ? (ख) वर्ष 2006-07 में कितने बीज का उत्पादन किया गया था, वर्ष 2007-08 का लक्ष्य क्या था ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) दुर्ग जिले में मछली पालन विभाग के मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र के रूप में 01 सरकुलर हैचरी प्रक्षेत्र तथा 04 मत्स्यबीज प्रक्षेत्र कुल 05 मत्स्यबीज उत्पादन केन्द्र हैं. (ख) वर्ष 2006-07 में दुर्ग जिले में 1681.00 लाख मानक फ्राई मत्स्य बीज का उत्पादन किया गया था तथा वर्ष 2007-08 में 1630.00 लाख मानक फ्राई उत्पादन का लक्ष्य है.

---

† परिशिष्ट "एक"

सिंचाई हेतु किया गया अनुबंध

4. ( *क्र. 1584) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदा बाजार निर्माण उपसंभाग (सिंचाई) विभाग द्वारा कौन-कौन से ग्रामों में कितने हेक्टेयर में सिंचाई हेतु अनुबंध 2006, 2007 में किया गया है ? (ख) अनुबंध के विरुद्ध कितने हेक्टेयर में सिंचाई की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) बलौदाबाजार निर्माण उपसंभाग (सिंचाई विभाग) द्वारा वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में क्रमशः 4596.26 हेक्टेयर एवं 4625.60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु अनुबंध किया गया. योजनावार एवं ग्रामवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) अनुबंध के विरुद्ध वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में क्रमशः 4493.45 हेक्टेयर एवं 4620.81 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई.

उद्वहन सिंचाई योजना हेतु दी गई राशि

5. ( *क्र. 1987) **श्री दयालदास बघेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र मारो के विकासखंड बेमेतरा जिला-दुर्ग के ग्राम दमईडीह में उद्वहन सिंचाई योजना की स्वीकृति किस वर्ष में तथा कितनी राशि की, की गई थी ? क्या कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो क्या सिंचाई सुविधा किसानों को प्राप्त है ? (ख) यदि नहीं, तो कार्य पूर्ण नहीं होने के क्या कारण है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) विधान सभा क्षेत्र मारो, विकासखण्ड-बेमेतरा जिला-दुर्ग के ग्राम-दमईडीह में उद्वहन सिंचाई योजना की स्वीकृति कलेक्टर, दुर्ग द्वारा वर्ष 2000-01 में रुपये 8.00 लाख की प्रदान की गई थी. नहर निर्माण हेतु राहत मद में दो चरणों में कलेक्टर दुर्ग द्वारा रु. 2.32 लाख तथा रु. 2.74 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी. इस प्रकार योजना हेतु कुल स्वीकृत राशि रु. 13.06 लाख के विरुद्ध 12.72 लाख व्यय कर योजना को मार्च 2004 में पूर्ण किया गया है. उक्त योजना से सिंचाई नहीं की जा रही है. (ख) उपरोक्त "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

कोपरा डायवर्सन से प्रस्तावित सिंचित रकबा

6. ( *क्र. 94) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोपरा डायवर्सन (जलाशय) योजना में कुल कितने एकड़ भूमि में सिंचाई की जाना प्रस्तावित थी ? (ख) रूपांकित क्षमता के विरुद्ध कितनी भूमि की सिंचाई किन कारणों से नहीं हो पा रही है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोपरा जलाशय योजना से कुल 1215 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है. (ख) रूपांकित क्षमता के विरुद्ध 357 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई, कृषकों के द्वारा अनुबंध न करने एवं सैच्य क्षेत्र का समुचित विकास न होने के कारण, नहीं हो पा रही है.

महासमुन्द जिले में शाकम्भरी योजना अंतर्गत पम्प वितरण

7. ( *क्र. 1993) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि महासमुन्द जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखंड में शाकम्भरी योजना के तहत 01 जनवरी, 2007 से 31 दिसम्बर, 2007 तक कुल कितने कृषकों को पम्प दिया गया ? विकासखंडवार बतायें ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : महासमुंद जिला अंतर्गत शाकम्भरी योजना के तहत 1 जनवरी, 2007 से 31 दिसंबर, 2007 के मध्य विकासखण्ड बसना एवं विकासखण्ड पिथौरा में क्रमशः 160 तथा 202 पंप कृषकों को दिये गये.

---

† परिशिष्ट "दो"

महानदी जलाशय परियोजना के तहत नहरों के कार्यों की स्वीकृति

8. ( *क्र. 1933) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि महानदी जलाशय परियोजना के महानदी मुख्य नहर एवं डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों के रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्यों के लिए कितनी राशि की योजना, किस-किस हिस्से के कौन-कौन से कार्यों के लिए स्वीकृत की गई थी तथा कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य कराए गए हैं ? कौन-कौन से कार्य शेष हैं ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : महानदी जलाशय परियोजना की महानदी मुख्य नहर एवं डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों के रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्यों के लिए रुपये 20207.26 लाख राशि की योजना पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 1 के अनुसार नहरों के विभिन्न हिस्सों के विभिन्न कार्यों के लिए स्वीकृत की गई थी तथा पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 2 के अनुसार रुपये 10413.24 लाख के विभिन्न कार्य पूर्ण कराये गये हैं. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 3 के अनुसार रुपये 9154.63 लाख के विभिन्न कार्य शेष है.

कोरिया जिला में बैल जोड़ी एवं गाय का वितरण

9. ( *क्र. 1493) **श्री गुलाब सिंह :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरिया जिले में 14-2-2008 तक कितनी जोड़ी बैल एवं गाय बांटे गये हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें. (ख) कितने परिवारों को बैल जोड़ी व गाय वितरण किया जाना शेष है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें.

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू) : (क) कोरिया जिले में 14-2-2008 तक 3451 बैलजोड़ी वितरण किया गया. जिले में गाय वितरण निरंक. विकासखण्डवार विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखण्ड | बैलजोड़ी वितरण |
|---|---|---|
| 1. | बैकुण्ठपुर | 535 |
| 2. | सोनहत | 681 |
| 3. | खड़गवा | 618 |
| 4. | मनेन्द्रगढ़ | 617 |
| 5. | जनकपुर | 1000 |
| | **योग** | **3451** |

(ख) कोरिया जिले में 1549 परिवारों को बैलजोड़ी वितरण किया जाना शेष है. जिले के किसी भी विकासखण्ड में गाय वितरण योजना संचालित नहीं है. बैलजोड़ी वितरण हेतु शेष परिवारों का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखण्ड | बैलजोड़ी वितरण |
|---|---|---|
| 1. | बैकुण्ठपुर | 465 |
| 2. | सोनहत | 319 |
| 3. | खड़गवा | 382 |
| 4. | मनेन्द्रगढ़ | 383 |
| 5. | जनकपुर | निरंक |
| | **योग** | **1549** |

डेयरी भवन, प्लांट तथा दुग्धशीत केन्द्र स्थापना हेतु किया गया अनुबंध

10. ( *क्र. 1832) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या जिला कबीरधाम, कोरिया, जशपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर में डेयरी भवन, डेयरी प्लांट एवं दुग्धशीत केन्द्र की स्थापना हेतु भारत शासन के शतप्रतिशत अनुदान पर 28 जून, 2006 को

निविदाकर्ता से विभाग द्वारा अनुबंध किया गया है ? यदि हां, तो कितनी राशि की निविदा प्रकाशित की गई थी, कितनी राशि का अनुबंध ठेकेदार से विभाग द्वारा किया गया है एवं 19 फरवरी, 2008 तक इन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि का भुगतान ठेकेदार को दिया गया है ? तथा कितना-कितना कार्य पूर्ण हुआ है ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू ) :** जी नहीं, दिनांक 28 जून, 2005 को विभाग द्वारा निविदाकर्ता से अनुबंध किया गया, राशि रु. 336.10 लाख की निविदा प्रकाशित की गई थी, ठेकेदार से विभाग द्वारा राशि रु. 472.00 लाख का अनुबंध किया गया. दिनांक 19 फरवरी 2008 तक ठेकेदार को किये गये भुगतान विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं परियोजनावार किये गये कार्य का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" में प्रस्तुत है.

शासकीय डेयरियों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी

11. ( *क्र. 1997) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितनी शासकीय डेयरियाँ संचालित हैं ? इनमें कितने अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं ? (ख) इन कर्मचारियों-अधिकारियों की सेवायें मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ कब हस्तांतरित हुई ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू ) :** (क) प्रदेश में पांच शासकीय डेयरी (गहन डेयरी विकास कार्यक्रम) संचालित है. विवरण निम्नानुसार है :—

| स.क्र. | जिला | कार्यरत अधिकारियों की संख्या | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ | 02 | 24 |
| 2. | अंबिकापुर | 02 | 19 |
| 3. | कोरिया | 01 | 20 |
| 4. | कबीरधाम | 01 | 28 |
| 5. | जशपुर | - | 21 |
| | **योग** | **06** | **112** |

(ख) इन कर्मचारी-अधिकारियों की सेवाएं, मध्यप्रदेश राज्य से छत्तीसगढ़ राज्य को दिनांक 1 नवम्बर 2000 को हस्तांतरित हुई.

इंदिरा कृषि श्रमिक क्षतिपूर्ति बीमा योजना अंतर्गत स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रकरण

12. ( *क्र. 1978) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में इंदिरा कृषि श्रमिक क्षतिपूर्ति बीमा योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले में कितने प्रकरण स्वीकृति हेतु प्राप्त हुए तथा कितने स्वीकृत हुए ? (ख) कितने प्रकरणों में राशि स्वीकृत कर भुगतान की गई ? विकासखण्डवार संख्या देवें ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव) :** (क) वर्ष 2005-06 में-निरंक तथा वर्ष 2006-07 में-01. (ख) निरंक.

मिनीमाता बांगो जलाशय से पानी का वितरण

13. ( *क्र. 1968) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मिनीमाता बांगो जलाशय में जल संग्रहण करने की कुल क्षमता कितनी है ? उक्त जलाशय से उद्योगों एवं कृषकों को कितनी जल राशि वितरित की जाती है ? पृथक-पृथक बतायें ? (ख) क्या यह सही है कि सीपत स्थित नव निर्मित ताप विद्युत केन्द्र को भी इसी जलाशय से जल उपलब्ध कराने की योजना है? यदि हां, तो उक्त जलाशय से सीपत केन्द्र को कितना जल दिया जाएगा ?

† परिशिष्ट "तीन"

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) मिनीमाता बांगो जलाशय परियोजना की कुल जल संग्रहण क्षमता 3416 मिलियन घन मीटर है. इस जलाशय से वर्ष 2006-07 में उद्योगों को लगभग 180 मिलियन घन मीटर एवं कृषकों को खरीफ एवं ग्रीष्म कालीन धान की सिंचाई हेतु लगभग 2097 मिलियन घन मीटर जल की मात्रा प्रदाय की गई है. ( ख ) सीपत ताप विद्युत परियोजना द्वारा मिनीमाता बांगो परियोजना से 120 मिलियन घन मीटर वार्षिक जल की आवश्यकता प्रतिपादित की गई है. प्रकरण विचाराधीन है.

## जलाशयों हेतु अर्जित भूमि का मुआवजा

14. ( *क्र. 2029 ) **श्री निर्मल सिन्हा** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) मालखरौदा विधान सभा क्षेत्र के कितने जलाशयों के लिए भू-अर्जन करने के बाद कितने किसानों को मुआवजा नहीं मिला है ? ( ख ) कब तक अर्जित भूमि का मुआवजा दे दिया जाएगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) मालखरौदा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 12 जलाशयों के भू-अर्जन से प्रभावित कुल 794 कृषकों में से 407 कृषकों को भूमि का मुआवजा प्रदाय नहीं किया जा सका है. ( ख ) भुगतान हेतु शेष 407 कृषकों में से 160 कृषकों को जिनका अवार्ड पारित है, भुगतान हेतु उपस्थित होने पर भुगतान कर दिया जावेगा. शेष 247 कृषकों के भू-अर्जन प्रकरण प्रक्रियाधीन है, चूंकि भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण अर्ध न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, अत: मुआवजा भुगतान की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

## जिला कबीरधाम में वितरित गाय, बैल जोड़ी एवं सांड

15. ( *क्र. 2021 ) **मोहम्मद अकबर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) 22 फरवरी 2008 की स्थिति में जिला कबीरधाम में विकासखण्डवार कितने गाय, बैल जोड़ी एवं सांड वितरित किए गए ? ( ख ) जिला कबीरधाम के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, बोड़ला, कवर्धा एवं पंडरिया में वितरित किए गए कितने-कितने बैल जोड़ी और सांड की मृत्यु हो गई है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : 22 फरवरी, 2008 की स्थिति में जिला कबीरधाम में वितरित गाय, बैलजोड़ी एवं सांड की विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | विकासखण्ड | गाय | बैलजोड़ी | सांड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहसपुर लोहारा | निरंक | निरंक | 16 |
| 2. | बोड़ला | निरंक | 349 | 21 |
| 3. | कवर्धा | निरंक | निरंक | 12 |
| 4. | पंडरिया | निरंक | 344 | 05 |

( ख ) जिला कबीरधाम के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, बोड़ला, कवर्धा एवं पंडरिया में वितरित बैलजोड़ी एवं सांड में से मृत बैल एवं सांड की मृत्यु का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विकासखण्ड | बैल | सांड |
|---|---|---|---|
| 1. | सहसपुर लोहारा | निरंक | निरंक |
| 2. | बोड़ला | 77 | 02 |
| 3. | कवर्धा | निरंक | 01 |
| 4. | पंडरिया | निरंक | 01 |

राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय जल ग्रहण क्षेत्र के तहत स्वीकृत कार्य

16. ( *क्र. 1477 ) **श्री उदय मुदलियार :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय जल ग्रहण क्षेत्र के तहत कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किए गए ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें ? स्वीकृत कार्यों में 31-1-08 तक कुल कितनी राशि खर्च की गई है, जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) **:** राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय जलग्रहण क्षेत्र स्वीकृत नहीं होने से वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलग्रहण क्षेत्र के तहत किसी भी कार्य में कोई भी राशि व्यय नहीं की गई है.

केलो परियोजना के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

17. ( *क्र. 1849 ) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) रायगढ़ जिले में स्वीकृत केलो परियोजना के तहत डेम व नहर निर्माण के लिये कितने कृषकों की जमीन अधिग्रहित की गई है ? ( ख ) क्या अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों को प्रदान कर दिया गया है ? यदि हां, तो कितने किसानों को कितनी राशि प्रदान की जा चुकी है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) **:** ( क ) जिला-रायगढ़ में स्वीकृत केलो परियोजना के अंतर्गत डेम व नहर निर्माण के लिए वर्तमान में जमीन अधिग्रहित नहीं की गई है. अधिग्रहण किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. ( ख ) अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण मुआवजा भुगतान किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

डेनिडा परियोजना जगदलपुर को बजट शीर्ष 006 अन्य व्यय में आवंटित राशि

18. ( *क्र. 1990 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) बजट शीर्ष 006-अन्य व्यय के अंतर्गत वर्ष 2007-08 में डेनिडा परियोजना जगदलपुर को कितनी राशि आवंटित की गयी थी एवं उक्त आवंटित बजट राशि में कितनी राशि व्यय किए जाने की जानकारी संचालक, पशुपालन विभाग को दी गई है ? ( ख ) क्या बजट शीर्ष 006-अन्य व्यय के अंतर्गत आवंटित राशि को बिना वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के अन्य मद में खर्च कर दी गई है ? यदि हां, तो इसका कारण क्या है ? क्या नियमों के विपरीत शासकीय धन का खर्च करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी.

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) **:** ( क ) बजट शीर्ष 006 अन्य व्यय के अंतर्गत वर्ष 2007-08 में डेनिडा परियोजना जगदलपुर को राशि रु. 95-00 लाख आवंटित की गई है. आवंटित बजट राशि में से राशि रु. 48,44,419-00 माह फरवरी 2008 तक के व्यय की जानकारी संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें को दी गई है. ( ख ) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

सरायपाली एवं बसना विकासखंड में मछलीपालन हेतु लीज में दिए गए तालाब

19. ( *क्र. 1994 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) महासमुंद जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखंड में कितनी मछुआरा समितियां हैं ? कितनी समितियों को मछली पालन हेतु तालाब लीज पर दिया गया है ? विकासखण्डवार बतायें ? ( ख ) उक्त वर्ष में मछुआरा समितियों के अलावा और किन-किन समितियों, व्यक्तियों को तालाब लीज पर दिया गया है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) **:** ( क ) महासमुंद जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखंड में कोई पंजीकृत मछुआरा समितियां नहीं है. अतः मछुआरा समितियों को मछली पालन हेतु तालाब लीज पर दिये गये तालाबों की जानकारी निरंक है. ( ख ) विकासखंड बसना एवं सरायपाली में मछुआरा समितियों के अलावा, समितियों, समूहों, व्यक्तियों को लीज पर दिए गये तालाबों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत केन्द्र द्वारा प्राप्त राशि

20. ( *क्र. 2018) **श्री उदय मुदलियार :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत केन्द्र सरकार से वर्ष 2007-08 में कितनी राशि प्रदान की गई ? (ख) राजनांदगांव जिले को वर्ष 2007-08 में कितनी राशि प्रदान की गई ? (ग) इस राशि का उपयोग किन-किन क्षेत्रों में किन-किन कार्यों के लिए कितना-कितना किया गया ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2007-08 में केन्द्रांश राशि रुपये 4253.48 लाख प्रदान की गई. (ख) राजनांदगांव जिले को अद्यतन कोई राशि प्रदान नहीं की गई है. (ग) निरंक.

-----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 1981) के भाग (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**औषधि क्रयादेश वर्ष 2005-06**

| क्रमांक (1) | फर्म का नाम (2) | क्रयादेश राशि (3) |
|---|---|---|
| 1. | मेसर्स/वोकार्ड लिमिटेड | 2516598.00 |
| 2. | मेसर्स/साराभाई जायड्स | 1840999.00 |
| 3. | मेसर्स/मिनिल लेबोटरीज | 1508589.00 |
| 4. | मेसर्स/यूनीवर्सल | 244863.00 |
| 5. | मेसर्स/पेन्टागॉन | 1910450.00 |
| 6. | मेसर्स/नेचुरल रेमेडीज | 126399.00 |
| 7. | मेसर्स/बेरोल ड्रग | 598095.00 |
| 8. | मेसर्स/इन्टरवेट | 895741.00 |
| 9. | मेसर्स/रेनबैक्सी | 3032241.00 |
| 10. | मेसर्स/आस्कर | 129371.00 |
| 11. | मेसर्स/सोक्रस | 813124.00 |
| 12. | मेसर्स/नंदनी मेडीकल | 334055.00 |
| 13. | मेसर्स/मान फार्मा | 531871.00 |
| 14. | मेसर्स/इंडियन इम्योलॉजिकल | 1052433.00 |
| 15. | मेसर्स/टिनेटा फार्मा | 1102292.00 |
| 16. | मेसर्स/न्यूकेयर लेब | 1453442.00 |
| 17. | मेसर्स/इंटास फार्मा | 612882.00 |
| 18. | मेसर्स/कान्सेप्ट | 1456355.00 |
| 19. | मेसर्स/एस. पी. एम. ड्रग | 23560.00 |
| 20. | मेसर्स/एनीवेट हेल्थ केयर | 101613.00 |
| 21. | मेसर्स/हर्षवर्धन लेबोरेटीज | 198197.00 |
| 22. | मेसर्स/केटल रेमेडीज | 78461.00 |
| 23. | मेसर्स/ब्रिलन्ट इंडस्ट्रीज | 259350.00 |
| 24. | मेसर्स/टेट्रागॉन | 212073.00 |
| 25. | मेसर्स/लाइका लेब | 669998.00 |
| 26. | मेसर्स/डॉस फार्मा | 659998.00 |
| 27. | मेसर्स/ग्लेक्सो स्मीथ लाईन | 1849417.00 |
| 28. | मेसर्स/सी. आई. कैम | 320832.00 |
| 29. | मेसर्स/हिमालया ड्रग | 165749.00 |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 30. | मेसर्स/इंडियन हर्ब्स | 1186995.00 |
| 31. | मेसर्स/एलेम्बिक | 818546.00 |
| 32. | मेसर्स/माइकान फार्मा | 41650.00 |
| 33. | मेसर्स/राकेश फार्मा | 3465.00 |
| 34. | मेसर्स/हर्ब्स एण्ड हर्ब्स | 120720.00 |
| 35. | मेसर्स/एरोसाल केमिकल | 89640.00 |
| 36. | मेसर्स/औषध प्रतिष्ठान | 355612.00 |
| 37. | मेसर्स/कुमाँयु हर्ब्स | 58488.00 |
| 38. | मेसर्स/गरिमा हेल्थ | 1213650.00 |
| 39. | मेसर्स/दीप्ति फार्मा | 480000.00 |
| 40. | मेसर्स/उषा आयुर्वेदिक | 255800.00 |
| 41. | मेसर्स/मोहवे हर्बल | 50700.00 |
| 42. | मेसर्स/अमर फार्मा | 71500.00 |
| 43. | मेसर्स/आदित्य फार्मा | 257355.00 |
| 44. | मेसर्स/आयुर्वेद हेल्थ हाउस | 201500.00 |
| | योग | 29904669.00 |

प्रपत्र "ब"

**उपकरण क्रयादेश वर्ष 2005-06**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स बद्रीनाथ मेडीकल एजेन्सी, बिलासपुर | - | रु. | 67300=00 |
| 2. | मेसर्स राज इन्टरप्राइजेस, जगदलपुर | - | रु. | 976153=00 |
| 3. | मेसर्स विश्वास मेडीकल एजेन्सी, विशनगर | - | रु. | 347808=00 |
| 4. | मेसर्स बिन्दल ट्रेडर्स, रायगढ़ | - | रु. | 9280=00 |
| 5. | मेसर्स हेस्बेट्स इंडिया, मुंबई | - | रु. | 541570=00 |
| 6. | मेसर्स रेडियण्ट एसोसिएट, मुंबई | - | रु. | 103578=00 |
| 7. | मेसर्स देल्ही हास्पिटल, दिल्ली | - | रु. | 678073=00 |
| 8. | मेसर्स रेडीकल इन्स्ट्रमेंट, अम्बाला | - | रु. | 295965=00 |
| 9. | मेसर्स स्वपनिल मेडीकल एजेंसी, रायगढ़ | - | रु. | 233376=00 |
| 10. | मेसर्स छत्तीसगढ़ हास्पिटल, बिलासपुर | - | रु. | 111063=00 |
| 11. | मेसर्स मेडिकिट्स, मुम्बई | - | रु. | 68280=00 |
| 12. | मेसर्स अमर मेडीकल, सरगुजा | - | रु. | 7020=00 |
| 13. | मेसर्स साइमा सर्जीकल, रायपुर | - | रु. | 4950=00 |
| 14. | मेसर्स सर्गी एण्ड फार्मा, रायपुर | - | रु. | 542562=00 |
| 15. | मेसर्स कास्लीवाल ब्रदर्स, रायपुर | - | रु. | 298548=00 |
| 16. | मेसर्स आयडियल केमिकल्स, रायपुर | - | रु. | 66944=00 |
| 17. | मेसर्स साइंटिफिक ट्रेडर्स, रायपुर | - | रु. | 1590147=00 |
| 18. | मेसर्स बायोटेक इंडिया, रायपुर | - | रु. | 196474=00 |
| 19. | मेसर्स व्हर्लफूल | - | रु. | 364000=00 |
| | **योग** | - | **रु.** | **6503091=00** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 1584) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | योजना का नाम | रूपांकित सिंचाई क्षमता हे. में | ग्राम का नाम | 2006-07 में अनुबंधित रकबा हे. में | 2007-08 में अनुबंधित रकबा हे. में | 2006-07 में वास्तविक सिंचाई हे. में | 2007-08 में वास्तविक सिंचाई हे. में | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | बलौदा जलाशय | 691 | 1. बलौदाबाजार | 350.65 | 350.65 | 350.65 | 350.65 | |
| | | | 2. पहंदा | 126.56 | 126.56 | 126.56 | 126.56 | |
| | | | 3. परसाभदेर | 102.81 | 102.81 | Nil | 102.81 | |
| | | | 4. खैरघटा | 66.60 | 66.60 | 66.60 | 66.60 | |
| | | | 5. छुईया मा. गु. | 20.26 | 20.26 | 20.26 | 20.26 | |
| | | | **योग** | **666.88** | **666.88** | **564.07** | **666.88** | |
| 2. | खैरादतान जला. | 462 | 1. पहंदा | 132.88 | 132.88 | 132.88 | 132.88 | |
| | | | 2. खैरा | 24.59 | 24.59 | 24.59 | 24.59 | |
| | | | 3. तुरमा | 137.30 | 137.30 | 137.30 | 137.30 | |
| | | | **योग** | **294.77** | **294.77** | **294.77** | **294.77** | |
| 3. | कुकुरडीह जला. | 741 | 1. रिसदा | 682.36 | 682.36 | 682.36 | 682.36 | |
| | | | 2. दशरमा | 282.40 | 282.40 | 282.40 | 282.40 | |
| | | | 3. दाबाडीह | 48.34 | 48.34 | 48.34 | 48.34 | |
| | | | **योग** | **1013.10** | **1013.10** | **1013.10** | **1013.10** | |
| 4. | खम्हरीया जला. | 76 | 1. खम्हरीया | 42.97 | 42.97 | 42.97 | 42.97 | |
| 5. | खैरी जलाशय | 81 | 2. खैरी | 85.94 | 85.94 | 85.94 | 85.94 | |
| 6. | कुकदा जलाशय | 81 | 1. कुकदा | 72.37 | 72.37 | 72.37 | 71.84 | |
| | | | 2. कुसमी | 6.71 | 6.71 | 6.71 | 6.71 | |
| | | | 3. दतान | 67.98 | 67.98 | 67.98 | 67.98 | |
| | | | **योग** | **147.06** | **147.06** | **147.06** | **146.53** | |
| 7. | बालसमुंद जला. | 241 | पलारी | 171.11 | 167.09 | 171.11 | 171.11 | |
| 8. | हरिनभट्ठा जला. | 36 | हरिनभट्ठा | 57.27 | 57.27 | 57.27 | 57.27 | |
| 9. | लवन जलाशय | 49 | लवन | 66.49 | 49.33 | 66.49 | 49.33 | |
| 10. | भरतपुर जला. | 211 | भरतपुर | 34.76 | 34.76 | 34.76 | 34.76 | |
| 11. | खपरीचंडी व्यप. | 75 | खपरी | 69.89 | 69.89 | 69.89 | 69.89 | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12. | घोरसी व्यपवर्तन | 81 | घोरसी | - | 41.87 | - | 41.87 | कमांड के कुछ क्षेत्र में आवासीय उपयोग. 1996-97 से अनुबंध से बाहर एवं 2007-08 में पुनः अनुबंध. |
| 13. | बोईरडीह जला. | 56 | बोईरडीह | 22.97 | 22.97 | 22.97 | 22.97 | |
| 14. | तेलासी जलाशय | 121 | तेलासी | 148.69 | 145.23 | 148.69 | 145.23 | |
| 15. | सिंघडीह जला. | 227 | 1. भोथीडीह | 55.11 | 54.43 | 55.11 | 54.43 | |
| | | | 2. लोहारी | 44.47 | 44.47 | 44.47 | 44.47 | |
| | | | 3. केसली | 166.01 | 166.01 | 166.01 | 166.01 | |
| | | | **योग** | **265.59** | **264.91** | **265.59** | **264.91** | |
| 16. | करदा व्यपवर्तन | 223 | 1. करदा | 170.89 | 170.89 | 170.89 | 162.61 | |
| | | | 2. खम्हरिया | 52.17 | - | 52.17 | - | नहर प्रणाली क्षतिग्रस्त है कृषकों द्वारा अनुबंध से इंकार. |
| | | | 3. मरदा | 47.50 | - | 47.50 | - | |
| | | | **योग** | **270.56** | **170.89** | **270.56** | **162.61** | |
| 17. | नयापारा व्यपवर्तन | 158 | नयापारा | 116.01 | 116.01 | 116.01 | 116.01 | |
| 18. | केसली व्यपवर्तन | 1039 | 1. केसली | 97.98 | 97.98 | 97.98 | 97.98 | |
| | | | 2. मुढ़पार | 163.77 | 163.77 | 163.77 | 163.77 | |
| | | | **योग** | **261.75** | **261.75** | **261.75** | **261.75** | |
| 19. | चंगोरी जलाशय | 78 | चंगोरी | 8.15 | 8.15 | 8.15 | 8.15 | |
| 20. | पत्थरचुवा जला. | 75 | मुसवाडीह | 8.16 | 8.16 | 8.16 | 8.16 | |
| 21. | भिंभोरी जला. | 196 | भिंभोरी | 132.17 | 132.17 | 132.17 | 132.17 | |
| 22. | करही जलाशय | 162 | 1. करही | 77.18 | 77.18 | 77.18 | 77.18 | |
| | | | 2. चंदी | 14.09 | 14.09 | 14.09 | 14.09 | |
| | | | **योग** | **91.27** | **91.27** | **91.27** | **91.27** | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23. | बिटकुली जलाशय | 243 | 1. नयापारा | 109.22 | 109.22 | 109.22 | 109.22 | |
| | | | 2. बिटकुली | 104.62 | 104.62 | 104.62 | 104.62 | |
| | | | योग | 213.84 | 213.84 | 213.84 | 213.84 | |
| 24. | सुहेला व्यपवर्तन | 1119 | 1. सुहेला | 79.73 | 79.73 | 79.73 | 79.73 | |
| | | | 2. पड़कीडोह | 166.48 | 166.48 | 166.48 | 166.48 | |
| | | | 3. बासीन | 18.33 | 18.33 | 18.33 | 18.33 | |
| | | | 4. रानीजरौदा | - | 112.46 | - | 112.46 | 2001-02 से अनुबंध से बाहर एवं 2007-08 में पुनः अनुबंध |
| | | | योग | 264.54 | 377.00 | 264.54 | 377.00 | |
| 25. | हिरमी जलाशय | 162 | 1. हिरमी | 73.44 | 73.44 | 73.44 | 73.44 | |
| | | | 2. भिलौनी | 68.88 | 68.88 | 68.88 | 68.88 | |
| | | | योग | 142.32 | 142.32 | 142.32 | 142.32 | |
| | कुल योग- 25 योजनायें | 6684 | 46 ग्राम | 4596.26 | 4625.60 | 4493.45 | 4620.81 | |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 1832) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**एकीकृत डेयरी विकास परियोजना के भुगतान की स्थिति**

| स. क्र. | | विवरण | सिविल वर्क | डेयरी संयंत्र/उपकरण | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | | रायगढ़ डेयरी प्लांट | 0 | 4194000 | 4194000 |
| 2. | | अम्बिकापुर डेयरी प्लांट | 0 | 8911000 | 8911000 |
| 3. | (i) | कोरिया डेयरी प्लांट | 4090000 | 4869000 | 8959000 |
| | (ii) | भरतपुर दुग्ध शीतकेन्द्र | 3460000 | 4123000 | 7583000 |
| 4. | | कवर्धा डेयरी प्लांट | 4090000 | 4869000 | 8959000 |
| 5. | (i) | जशपुर डेयरी प्लांट | 503100 | 408500 | 911600 |
| | (ii) | कुनकुरी दुग्ध शीतकेन्द्र | 503100 | 408500 | 911600 |
| | (iii) | बगीचा दुग्ध शीतकेन्द्र | 503100 | 408500 | 911600 |
| | | योग | 13149300 | 28191500 | 41340800 |

प्रपत्र "ब"

## एकीकृत डेयरी विकास परियोजना के कार्यों की स्थिति

अ. सिविल वर्क

| स. क्र. | स्टेजवार कार्यों की स्थिति विवरण | डेयरी प्लांट कोरिया | डेयरी प्लांट कवर्धा | डेयरी प्लांट जशपुर |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | प्लिन्थ लेवल तक का कार्य | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 2. | रूफ स्लेब | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 3. | वालस एण्ड प्लास्टर | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 4. | फ्लोरिंग, डोरस एण्ड विन्डोस | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 5. | फाईनल पेंटिंग | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |

| स. क्र. | स्टेजवार कार्यों की स्थिति विवरण | दुग्ध शीतकेन्द्र भरतपुर | दुग्ध शीतकेन्द्र कुनकुरी | दुग्ध शीतकेन्द्र बगीचा |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | प्लिन्थ लेवल तक का कार्य | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 2. | रूफ स्लेब | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 3. | वालस एण्ड प्लास्टर | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 4. | फ्लोरिंग, डोरस एण्ड विन्डोस | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 5. | फाईनल पेंटिंग | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |

ब. डेयरी संयंत्र/उपकरण

| स. क्र. | स्टेजवार कार्यों की स्थिति विवरण | डेयरी प्लांट रायगढ़ | डेयरी प्लांट अम्बिकापुर | डेयरी प्लांट कोरिया | डेयरी प्लांट कवर्धा | डेयरी प्लांट जशपुर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | संयंत्रों का प्रदाय | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 2. | संयंत्रों की स्थापना | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 3. | परीक्षण एवं ट्रायल रन | अपूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | पूर्ण |

| स. क्र. | स्टेजवार कार्यों की स्थिति विवरण | दुग्ध शीतकेन्द्र भरतपुर | दुग्ध शीतकेन्द्र कुनकुरी | दुग्ध शीतकेन्द्र बगीचा |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | संयंत्रों का प्रदाय | अपूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 2. | संयंत्रों की स्थापना | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण |
| 3. | परीक्षण एवं ट्रायल रन | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण |